jktLFkku ykd lok vk;kx

क्रमांकः एफ. 7 (02) भर्ती 'क'/A.T.P./2022–23/875 दिनांक : 05.01.2024

प्रेस–विज्ञप्ति

सहायक नगर नियोजक, नगर नियोजन विभाग के पदों हेतु दिनांक 07.12.2023 को जारी विचारित सूची में सम्मिलित 105 अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग दिनांक 21.12.2023 में अनुपस्थित निम्नांकित 12 अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर देते हुए निर्देशित किया जाता है कि अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in से विस्तृत आवेदन पत्र, काउन्सलिंग लैटर, निर्धारित प्रपत्र एवं आवश्यक दिशा–निर्देश डाउनलोड कर आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) की समस्त प्रविष्टियां पूर्ण कर सम्बन्धित शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, अनुभव प्रमाण–पत्र (आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध अनुभव प्रमाण पत्र के प्रारूप में जारी होना आवश्यक है), जाति, मूल–निवास प्रमाण–पत्र एवं अन्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां (एक प्रति में) संलग्न कर मूल दस्तावेजों सहित राजस्थान लोक सेवा आयोग, घूघरा घाटी, अजमेर कार्यालय में अनिवार्य रूप से दिनांक 16.01.2024 को प्रातः व्यक्तिशः काउंसलिंग हेतु उपस्थित होवें :–

1800090	1800190	1800546	1800800	1801113	1801554
1803795	1804235	1804769	1806253	1806700	1807068

साथ ही आयोग की वेबसाइट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध सूची में अंकित 26 अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा पूर्व में पात्रता जांच के समय जो अनुभव प्रमाण पत्र, संस्था/विभाग द्वारा जिस अवधि का प्रस्तुत किया गया था, वही अनुभव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित अनुभव प्रमाण पत्र के प्रारूप में जारी करवाकर दिनांक 18.01.2024 तक आयोग कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करावें। यह भी स्पष्ट है कि पूर्व प्रस्तुत के अतिरिक्त अन्य संस्था/विभाग/अवधि का अनुभव स्वीकार्य नहीं होगा। निर्धारित अवधि उपरांत इस संबंध में अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा।

काउंसलिंग हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

(रामनिवास मेहता)
सचिव